
# 1 अप्रैल से 27 एटीआर उड़ानों का होगा पुराने टर्मिनल से संचालन

▸ देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल का रिनोवेशन अंतिम चरण में




नवभारत न्यूज

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों को जल्द ही बड़ी राहत मिलने वाली है. एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल का रिनोवेशन कार्य फिलहाल अंतिम चरण में पहुंच चुका है. करीब 41 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे इस उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद न केवल यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि टर्मिनल की उपयोग क्षमता में भी उल्लेखनीय इजाफा होगा.

एयर पोर्ट डायरेक्टर सुनील मघिरवार ने बताया कि 1 अप्रैल से 27 एटीआर उड़ानों का पुराने टर्मिनल से संचालन होगा. इंदौर एयरपोर्ट प्रदेश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में शामिल है. यहां प्रतिदिन लगभग 100 फ्लाइट्स का संचालन होता है, जिनसे 13 से 14 हजार यात्री सफर करते हैं. लगातार बढ़ती यात्री संख्या के कारण नए टर्मिनल पर दबाव बढ़ता जा रहा था. ऐसे में एयरपोर्ट प्रबंधन ने पहले कार्गो संचालन के लिए उपयोग में लाए जा रहे पुराने टर्मिनल को पुनर्विकसित कर यात्री टर्मिनल के रूप में तैयार करने का निर्णय लिया.

**1 अप्रैल से संचालन की तैयारी**- हालांकि पुराने टर्मिनल को 24 घंटे पूरी तरह संचालित करने में अभी कुछ समय लग सकता है, लेकिन इसे 1 अप्रैल तक शुरू करने की तैयारियां जोरों पर हैं। अधिकारियों के अनुसार रिनोवेशन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम तकनीकी व व्यवस्थागत प्रक्रियाएं जारी हैं। सभी जरूरी अनुमतियां और परीक्षण पूरे होते ही टर्मिनल यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा।

**यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत**-रिनोवेशन के बाद एयरपोर्ट क्षेत्र में यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा। नए और पुराने टर्मिनल के बीच संचालन का संतुलन बनने से भीड़भाड़ कम होगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा और सफर का अनुभव अधिक आरामदायक होगा।

### नए टर्मिनल पर होगी पर्याप्त जगह

योजना के अनुसार इस पुराने टर्मिनल पर 72 सीटर अक्रविमान संचालित किए जाएंगे। प्रतिदिन लगभग 27 से 28 अक्रविमानों की लैंडिंग और टेकऑफ यहीं से होगी। इससे बड़े विमानों और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए नए टर्मिनल पर पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सकेगी। एटीआर जैसे छोटे विमानों के संचालन को अलग टर्मिनल से शिफ्ट करने का मुख्य उद्देश्य नए टर्मिनल पर भीड़ और दबाव को कम करना है। इससे चेक-इन, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी। यात्रियों को लंबी कतारों से राहत मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि अक्रविमान 72 सीटर छोटा विमान में गिने जाते हैं ।

### कार्गो से पैसेंजर टर्मिनल में बदला स्वरूप

पुराना टर्मिनल अब पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। यहां चेक-इन काउंटर, वेटिंग एरिया, सुरक्षा जांच, बैगेज सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रिनोवेशन के बाद यह टर्मिनल छोटे विमानों के संचालन के लिए समर्पित रहेगा।

### नए टर्मिनल पर बड़े और इंटरनेशनल विमान

एयरपोर्ट प्रबंधन की योजना है कि नए टर्मिनल से एयरबस जैसे बड़े विमान और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाए। इससे टर्मिनल का उपयोग अधिक संतुलित तरीके से हो सकेगा। बड़े विमानों के लिए अधिक स्पेस और बेहतर प्रबंधन की सुविधा मिलेगी, वहीं छोटे विमानों के यात्री पुराने टर्मिनल से सहज रूप से यात्रा कर सकेंगे।



# होली-रंगपंचमी की गैर को लेकर पुलिस कमिश्नर ने की आयोजकों संग बैठक

▸ सुरक्षा, पार्किंग, परमिशन और हुड़दंग पर दिए सख्ती के निर्देश

**इंदौर. आगामी होली और रंगपंचमी के अवसर पर निकलने वाली ऐतिहासिक एवं पारंपरिक गैर के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कार्यालय सभागार में गैर के आयोजकों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, पार्किंग, परमिशन के साथ ही हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के दिशा निर्देश दिए.**

बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह सहित सभी पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और शहर के प्रमुख गैर के आयोजक उपस्थित रहे. इस दौरान गैर के क्रम, संभावित भीड़, वाहनों की संख्या, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों पर चर्चा की गई. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी आयोजन विधिवत अनुमति लेकर ही आयोजित किए जाएं और शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए. आयोजक अपने पदाधिकारियों व वालंटियर की सूची पुलिस को उपलब्ध कराएं तथा पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती करें. गैर में शामिल वाहनों की यांत्रिक जांच कराना अनिवार्य रहेगा और चालक प्रशिक्षित हों. शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी तथा ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी. इसके अलावा गैर के दौरान अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट और स्ट्रेचर की व्यवस्था रखने, ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ माइक की सुविधा रखने तथा खतरनाक रसायनों और रंगों के उपयोग से परहेज करने के निर्देश दिए, फूहड़ता और हुड़दंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. वहीं, आयोजकों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर पुलिस प्रशासन ने समन्वय बनाकर समाधान का आश्वासन दिया. पुलिस कमिश्नर ने सभी से शहर की परंपरा के अनुरूप सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की.

## एक नजर में

### भोपाल में 10 हजार जंप करके 10 किमी दौड़े इंदर सिंह




**महू.** स्वामी रामदेव के शिष्य योगाचार्य व धावक 70 वर्षीय इंदर सिंह भोपाल में सम्पन्न चौथी बंसल पंख मैराथन दौड़ में तीसरी बार दौड़े. 22 फरवरी को भोपाल में सम्पन्न 6, 10, 21 व 42 किमी मैराथन में उन्होंने पहले 10 हजार बार जम्प किये, जिसे सभी ने सराहा. इसके पश्चात इंदर सिंह ने 10 किमी मैराथन में भाग लिया. अपने हाथों में तिरंगा लेकर मैराथन में दौड़े इंदर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे. अनेक लोगों ने उनके साथ दौड़कर सेल्फी ली. पंख मेराथन में इससे पूर्व वे 2024 में 108 बार सूर्य नमस्कार करके 10 किमी दौड़े थे. वहीं, वर्ष 2025 में 600 सूर्य नमस्कार करके 6 किमी दौड़े थे. इस वर्ष की मुख्य अतिथि प्रतिमा सना शेख ने भी इंदर सिंह के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की. आयोजन समिति द्वारा बार- बार उनकी तारीफ की जा रही थी, जो एक धावक के लिए बड़ी उपलब्धि होती है. इंदर सिंह को इस उपलब्धि के लिए सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है और उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की.

### तीन दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**महू.** पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनुसूचित जनजाति उप योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ. विस्तार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक गांगिल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में धार जिले के मनावर ब्लॉक के अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों ने भाग लिया. समापन कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला ने ज्यादा से ज्यादा पशुपालन व्यवसाय को अपनाकर कम जोखिम में ज्यादा फायदा लेने की अपील की. यह जानकारी देते हुए डॉ. एसएस माहौर के अनुसार इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को महाविद्यालय विशेषज्ञों द्वारा सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया तथा महाविद्यालय की लैब, अस्पताल, बकरी फार्म इत्यादि का भ्रमण भी कराया गया. समापन कार्यक्रम में प्रमाणपत्र, प्रशिक्षण पुस्तिका एवं किट बैग वितरित किए गए. विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन पर बधाई दी. संचालन डॉ. पवन महेश्वरी ने किया तथा आभार डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने माना. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. राखी गांगिल की सक्रिय भूमिका रही.

### पुश्तैनी जायदाद पर मिला दो दिव्यांग भाइयों को अपना हक



**महू.** सिविल कोर्ट ने दो दिव्यांग भाइयों को पुश्तैनी जायदाद में से उनका अधिकार दिलवाया. संदीप भौरिया और विशाल भौरिया का गवली पलासिया में पुस्तैनी मकान था, जिसमें से उनका हिस्सा दिए जाने के संबंध में कलेक्टर जनसुनवाई में उन्होंने आवेदन लगाया था. कलेक्टर ने पूरी संवेदनशीलता के साथ इस आवेदन को बहुत ही गंभीरता से सुना व दिव्यांगों भाइयों को उनका अधिकार दिलवाया. ये दोनों दिव्यांग भाई पिछले 15 सालों से श्री पुरुष धाम में निवासरत होकर शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे. अब बच्चों ने अपना हक जनसुनवाई में मांगा था. इस पर एसडीएम महू राकेश परमार, तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ एवं पटवारी विजय भावसार के सहयोग से उन्हें उनका हक मिल रहा है. संवेदना स्पेशल स्कूल महू की संचालिका निशा शर्मा एवं श्री योग पुरुष धाम की प्राचार्य डॉ. अनीता शर्मा ने भी इन बच्चों को उनका हक दिलाने में भरपूर साथ दिया.

### दो महिलाओं ने की दहेज प्रताड़ना की शिकायत

इंदौर. महिला थाना में दहेज की मांग और प्रताड़ना से जुड़े दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं. महिला थाना प्रभारी श्रद्धा यादव ने बताया कि पहला मामला कृष्ण बाग कॉलोनी एमआर-9 निवासी 29 वर्षीय लक्ष्मी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति मनीष चौहान निवासी सेक्टर-4, भिलाई (जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़), सास अनीता, ससुर मोरध्वज चौहान तथा देवर अंकित द्वारा विवाह के बाद से दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था. इसी तरह रेवेन्यु नगर, बिचौली रोड निवासी 32 वर्षीय नेहा ने भी दहेज मांगने की शिकायत दर्ज कराई है.

# धान गली स्थित ज्वेलर्स दुकान में आग, बड़ा हादसा टला

**इंदौर. सराफा थाना क्षेत्र की धान गली स्थित गंगा मार्केट में सुबह एक ज्वेलर्स दुकान में आग लग गई. समय रहते दमकल की कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा आसपास की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था.**

सुबह करीब 7.30 बजे गंगा मार्केट की दुकान नंबर 203, संचालक शेख नईम मलीक की ज्वेलर्स दुकान से धुआं उठता देखा. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दुकान में रखी गैस टंकी से लंबे समय से हो रहे रिसाव के कारण आग भड़की, जो देखते ही देखते दूसरी मंजिल तक पहुंच गई. फायर ब्रिगेड अधिकारी संतोष दुबे ने बताया कि मार्केट में अधिकांश दुकानें छोटी और सघन हैं.

उन्होंने बताया कि दुकान तक पहुंचने का समुचित रास्ता भी नहीं है, जिससे राहत कार्य में दिक्कत आई. यदि गैस टंकी फट जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था. आग बुझाने में करीब 10 हजार लीटर पानी का उपयोग किया. बताया जा रहा है कि संबंधित दुकान में सोने-चांदी के आभूषणों की मरम्मत का कार्य किया जाता था. आग की चपेट में आने से मशीनें, पंखे, आभूषण और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए. मामले में जांच की जा रही है.

# अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 5 लुटेरे धराए

▸ वारदात में उपयोग की गई कार सहित 10 लाख का माल भी बरामद

**इंदौर. अपहरण कर लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल एवं वारदात में प्रयोग की गई हुंडई ओरा कार सहित करीब 10 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की है.**



एसीपी जोन 1 सुमित केरकेट्टा ने बताया कि तेजाजीनगर थाना क्षेत्र के कैलोद फाटा बायपास रोड पर हुंडई ओरा कार नम्बर एमपी 07 जेडजेड 2649 में सवार पांच आरोपियों ने एक युवक का अपहरण कर उससे मारपीट करते हुए जेवरात व अन्य सामान लूट लिया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सभी पांच आरोपियों नितेश, अर्जुन, सुक्सीन तीनों बाणगंगा तथा विजय और संजय चंदननगर को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के खिलाफ बाणगंगा, चंदननगर, एरोड्रम और हातोद थानों में लूट, अवैध वसूली, मारपीट एवं अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर अपराध पूर्व से दर्ज हैं, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

# खजराना में घर पर चल रहा था महुआ शराब का अड्डा

▸ पुलिस ने 60 लीटर से अधिक अवैध शराब की जब्त



नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना पुलिस ने पटेल मोहल्ला कर्बला रोड क्षेत्र में दबिश देकर एक महिला को गिरफ्तार किया है. उसके घर पर की गई कार्रवाई में 60 लीटर से अधिक अवैध महुआ कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण और करीब 400 किलो महुआ जब्त किया है. जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई गई है.

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने टीम गठित कर गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की. पुलिस ने पहले पंटर भेजकर अवैध शराब बिक्री की पुष्टि कराई, इसके बाद मकान पर दबिश दी गई. तलाशी के दौरान घर से 60 लीटर से अधिक महुआ कच्ची शराब, दो गैस भट्टियां, भगोना, पाइप, डिब्बे, गिलास तथा चार नीले ड्रमों में रखा करीब 400 किलो सड़ा-गला महुआ बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी महिला ने घर पर ही अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर नशे के आदी लोगों को बेचने की बात स्वीकार की. गिरफ्तार आरोपी का नाम 38 वर्षीय सुनीता पति स्वर्गीय अशोक राठौर निवासी पटेल नगर, कॉलेज कॉलोनी के सामने, खजराना है, वह छठी तक शिक्षित और गृहिणी है. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है. पुलिस अब अवैध शराब के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# घरों में खाना बनाने के काम की आड़ में कर रही थी ड्रग तस्करी

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच की टीम ने रीजनल पार्क क्षेत्र से एक महिला को 34.6 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 3.40 लाख रुपये आंकी गई है. आरोपी महिला के कब्जे से एक मोबाइल फोन सहित लगभग 4 लाख रुपये का माल जब्त किया है.



एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सांवरिया ग्रीन्स मैरिज गार्डन के सामने रीजनल पार्क के पास संदिग्धों की तलाश के दौरान एक महिला पुलिस वाहन को देखकर घबराकर भागने लगी, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोका. पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी. अपना नाम फातिमा मंसूरी निवासी मुंबई, महाराष्ट्र बताया. जब महिला आरक्षक द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसके हैंडबैग से पारदर्शी पन्नी में रखी 34.6 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह घर-घर जाकर खाना बनाने का कार्य करती है तथा 12वीं तक शिक्षित है. उसने अवैध लाभ कमाने की नीयत से सस्ते दाम में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक कीमत पर बेचने की बात स्वीकार की है. पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और अन्य व्यक्तियों के संबंध में जांच कर रही है.

## एक नजर में

**रहवासी बोले... घर से बेदखल तो होंगे ही रोजगार से भी हाथ धो बैठेंगे हम गरीब लोग**

# चंदू वाला रोड के चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों में विरोध तेज

**इंदौर. शहर के वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत चंदन नगर के मुख्य मार्ग चंदू वाला रोड के प्रस्तावित सडक् चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है. बताया गया कि यह चौड़ीकरण कार्य मास्टर प्लॉन में शामिल नहीं था. फिर भी गजट नोटिफिकेशन जारी कर मकानों और दुकानों का सर्वे कर चिन्हांकन किया गया है.**



स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रस्तावित चौड़ीकरण से सैकड़ों मकान और दुकानें प्रभावित होंगी, जिससे बड़ी संख्या में परिवारों को विस्थापन का सामना करना पड़ेगा. जिस तरह से मार्किंग की गई है, उसको देखते हुए कई लोगों के मकान सिर्फ चार फीट बच रहे हैं. ऐसे में उनके रहने की समस्या हो जाएगी. वहीं, कई लोग इस मार्ग से जुड़कर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं. उनका भी रोजगार पूरी तरह से नष्ट हो रहा है.

चंदन नगर घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां अधिकांश मजदूर एवं निम्न वर्गीय परिवार वर्षों से निवास कर रहे हैं. उनका कहना है कि जीवन भर की कमाई से बनाए गए आशियाने विकास के नाम पर टूट जाएंगे और उनके पास दूसरी जगह मकान बनाने की आर्थिक क्षमता नहीं है. रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सडक् की कुल चौड़ाई 40 फीट तक सीमित रखी जाए, ताकि आवागमन की सुविधा भी बनी रहे और अधिकतर मकान सुरक्षित भी रह सकें. मामले को लेकर क्षेत्र में चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है.

### यह बोले चंदू वाला रोड के रहवासी...



विकास के नाम पर हमें बेघर न किया जाए. हम मजदूर लोग हैं, जीवन भर की कमाई से मकान बनाए हैं. सडक् की चौड़ाई सीमित रखें, ताकि रोजगार और आशियाना दोनों सुरक्षित रह सकें.

**- जमील अहमद**



यहां गरीब मजबूर परिवार बसते हैं. मकान और दुकानें टूटेंगी तो हम सडक् पर आ जाएंगे. रोजगार भी छिन जाएगा. 40 फीट चौड़ाई रखते हुए ऐसा समाधान निकालें, जिससे विकास भी हो और हम बेघर भी न हों.

**- जाहिद कुरैशी**



हमारी दूसरी जगह बसने की क्षमता नहीं है. अगर मकान टूटे तो बच्चों की पढ़ाई और रोजगार दोनों प्रभावित होंगे. सरकार संवेदनशीलता दिखाए, पुनर्वास या सीमित चौड़ीकरण का निर्णय ले, ताकि हमारा घर और भविष्य सुरक्षित रह सके.

**- शाहनवाज शेख**



यह कॉलोनी का रोड है. बाद में इसे मास्टर प्लॉन में डाल दिया गया. अगर यह पहले से मास्टर प्लॉन में होता तो हम कुर्बानी देते, हम सिर्फ यह चाहते हैं कि 60 की जगह 40 फीट रोड बनाएं, ताकि लोगों के रहने के लिए मकान बच जाएं. **- फातिमा खान पार्षद**



# मांगलिया ब्रिज निर्माण की धीमी रफ्तार से शिप्रा में रोज जाम

**इंदौर. मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज की धीमी गति के चलते मार्ग बंद होने से शिप्रा क्षेत्र में प्रतिदिन यातायात जाम की स्थिति बन रही है, जिससे यहां के लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत आ रही है.**

क्षेत्रीय रहवासियों और किसान नेता हंसराज मंडलोई ने आरोप लगाया है कि मांगलिया का रोड बंद होने का खामियाजा शिप्रा क्षेत्र की जनता भुगत रही है. शिप्रा से सांवेर और उज्जैन जाने वाले मार्ग पर डबल ट्रैफिक के कारण घंटों जाम लगता है. इससे किसान, व्यापारी, स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं और उज्जैन से ओंकारेश्वर जाने वाले श्रद्धालु प्रभावित हो रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्रिज निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण मांगलिया से सीधे सांवेर-उज्जैन जाने वाले वाहन अब शिप्रा होकर गुजर रहे हैं.

क्षेत्र में अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था की कमी के चलते शिप्रा चौराहे पर स्थिति और गंभीर हो जाती है. उन्होंने आरोप लगाया कि अव्यवस्था के कारण अब तक पांच लोगों की जान जा चुकी है. उन्होंने टोल कंपनी से सांठगांठ के चलते निर्माण कार्य जानबूझकर धीमा रखने का आरोप भी लगाया, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है. रहवासियों ने जाम से स्थायी राहत, पुलिस बल की तैनाती और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की है. चेतावनी दी गई है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शिप्रा व आसपास के ग्रामीण चौराहे पर आंदोलन करेंगे.